ुध लेगी सरकार 02 सायना को आसान ड्रा, लेकिन युगल

SARADHA

प्रभात वार्ता

# रेलवे की कॉस्ट प्रतियोगितात्मकता में सुधार हो

कोलकाता। रेल मंत्री मुकुल राय ने कॉस्ट प्रबंधन के क्षेत्र में और अधिक सुधार की जरूरत पर जोर दिया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि रेलवे में कॉस्ट प्रतियोगितात्मकता में और अधिक सुधार की आवश्यकता है। पेशेवर प्रबंधन संस्थान द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) व रेलवे के कॉस्ट संबंधी क्षेत्र को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम में संस्थान के नए अध्यक्ष के रूप में राकेश सिंह को चुना गया। इसकी घोषणा संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से की गई।

राकेश सिंह ने संस्थान की आगामी योजनाओं की जानकारी दी। राकेश ने कहा कि कॉस्ट प्रबंधन के क्षेत्र में काफी विकास हो रहा है। योजनाओं के तहत संस्थान की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समझौते किए जाएंगे। इसके अलावा लक्ष्य को हासिल करने के लिए संस्थान की बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा।




द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के कार्यक्रम में केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल राय व राकेश सिंह • प्रभात वार्ता